टेक्नोलाजी के साथ होगा सड़क का काम

राज्य ब्यूरो, जागरण, पटना: पथ निर्माण मंत्री इंजीनियर शैलेंद्र ने सोमवार को विभाग का कामकाज संभाल लिया।

पदभार ग्रहण करने के पूर्व अपने कक्ष मे पूजा अर्चना करते मंत्री इंजीनियर शैलेंद्र। सौ : विभाग।

उन्होंने कहा कि बिहार में महाराष्ट्र और गुजरात की तरह आधुनिक टेक्नोलाजी के साथ सड़क का निर्माण नहीं हो रहा। पदभार ग्रहण करने के पूर्व उन्होंने अपने कक्ष में पूजा-अर्चना की। पथ निर्माण मंत्री ने कहा कि राज्य में पुल, सड़क समेत दूसरी महत्वपूर्ण परियोजनाओं को अत्याधुनिक तकनीक के आधार पर मूर्तरूप देने के लिए अभियंताओं को दूसरे राज्यों में जानकारी लेने भेजा जाएगा। विभाग के सचिव पंकज कुमार पाल ने पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया। पथ निर्माण मंत्री ने कहा कि वह खुद भी सिविल इंजीनियर हैं इसलिए विकास कार्यों में अपनी दक्षता का पूरा इस्तेमाल करेंगे।